<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

जबलपुर हवाईअड्डे को अधिक क्षमता तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को दर्शाते नए टर्मिनल भवन की सौगात।

नई दिल्ली,14 मई 2022: भावी पर्यटन विकल्पों वाले बढते शहर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, जबलपुर हवाईअड्डे में यात्री यातायात में वृद्धि देखने को मिल रही है। क्षेत्र में हवाई यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध के लिए हवाईअड्डे को अब उन्नत किया जा रहा है। एबी-320 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए हवाईअड्डे को उन्नत करने हेतु किए जाने वाले कार्यों में नए टर्मिनल भवन का निर्माण, नए एटीसी टॉवर , एटीसी टॉवर, तकनीकी ब्लाक, अग्निशमन कैटेगरी VII, अन्य भवन तथा धावनपथ का विस्तार तथा संबद्ध कार्य शामिल है। 2015 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भाविप्रा को 483 एकड़ भूमि सहित कुल 774 एकड़ भूमि विकास कार्यों हेतु प्रदान की।

नया टर्मिनल भवन विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं से सज्जित है जिसमें व्यस्तम समय में 500 यात्रियों को संभालने की क्षमता है। 1,15,315 वर्ग फीट क्षेत्र में फैले टर्मिनल भवन में तीन एयरोब्रिज, एडवांस्ड बैगेज स्क्रिनिंग प्रणली, लैंडस्केप क्षेत्र में आधुनिक फूड कोर्ट तथा 300 कारों एवं बसों से अधिक वाहनों हेतु उत्कृष्ट योजनाबद्ध पार्किंग है। प्रस्तावित टर्मिनल भवन में यात्रियों को स्वागत करते मध्य प्रदेश के जीवंत गोंड पेंटिग, स्थानीय शिल्पकला, भित्ती चित्र तथा प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की झलकियां हैं।

नए टर्मिनल भवन का यात्री हितैषी, चिरस्थायी सामग्री तथा सौर ऊर्जा संयत्र तथा ऊर्जा दक्ष उपकरणों से निर्माण किया जाएगा। हवाईअड्डे के अपग्रडेशन की परियोजना में एक दक्ष ठोस अपव्यय प्रबंधन प्रणाली, बागवानी के प्रयोजन हेतु परिशोधित जल का पुन: उपयोग, पोषणीय शहरी नाली-व्यवस्था सहित वर्षा जल संचयन कुछ अन्य हरित विशेषताएं हैं।

नए टर्मिनल भवन के निर्माण के अलावा, रूपये 412 करोड की परियोजना लागत से अपग्रेडेशन कार्यों में एयरबस 320 प्रकार के विमानों के प्रचालन हेतु रनवे का विस्तार, 28 मीटर ऊंचे नए एटीसी टॉवर तथा सभी सुविधाओं से सज्जित तकनीकी ब्लॉक (जी+3), अग्निशमन स्टेशन(कैटेगरी-VII) तथा अनुषंगी भवन जैसे की यूटीलिटी ब्लॉक, गेट हाउस इत्यादि का निर्माण शामिल है।

इस परियोजना के पूर्ण होने की अनंतिम तारीख दिसंबर 2022 है तथा नए टर्मिनल के मार्च 2023 तक चालू होने की आशा है।

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान, बेधाघाट के पास संगमरमर के पहाड़ तथा जलप्रपात जैसे पर्यटन स्थलों के द्वार के रूप में यह हवाईअड्डा पूरे पूर्वी मध्य प्रदेश विशेषकर महाकौशल क्षेत्र को सेवा उपलब्ध कराता है। नया उन्नत जबलपुर हवाईअड्डा जबलपुर शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा तथा क्षेत्र में उभरते पर्यटन उद्योग को बढावा देगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत संपर्क के लिए कृपया संपर्क करें मप्र(निगमित संचार)
011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 08/2022-23

कार्य प्रगति पर - टर्मिनल भवन

कार्य प्रगति पर - टर्मिनल भवन

विमान यातायात नियंत्रण टावर का कार्य प्रगति पर

विमान बचाव और अग्निशमन भवन - कार्य प्रगति पर है

टर्मिनल भवन एयर साइड व्यू

टर्मिनल भवन सिटी साइड व्यू

टर्मिनल भवन-साइड व्यू